आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 18.02.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह 10 बजे दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का करेंगे शुभारंभ ।
- नक्शा कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- उत्पाद बाहर भेजने वाले किसानों का परिवहन खर्च सरकार करेगी वहन ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश।
- परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें एपिसोड में मेधावी छात्रों ने की अपनी सफलता की कहानियां साझा ।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट**

भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- जीआईएस के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर मध्यप्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों को भी लांच करेंगे। जीआईएस में 60 से अधिक देशों के 133 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा,देश के प्रमुख उद्योगपतियों सहित भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ भी प्रतिभागी के रूप में मौजूद रहेंगे। जीआईएस में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 31 हजार 659 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 18 हजार 736 से अधिक प्रतिभागियों ने भोपाल आने की सहमति भी दे दी है।

**नक्शा कार्यक्रम**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है, जिससे नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। श्री चौहान आज रायसेन में राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण-नक्शा कार्यक्रम के

शुभारंभ के अवसर पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि अगर कोई किसान अपने उत्पाद को कहीं बाहर बेचना चाहता है तो उसके ट्रांसपोर्टेशन का खर्च सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत भूमि अभिलेखों को दुरुस्त किया जाएगा। इस दौरान वाटरशेड यात्रा को भी हरी झंडी दिखाई गई। यह कार्यक्रम देश के 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शुरू किया गया है। नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यम से उनके भूमि अभिलेखों तक सरल और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में केन्द्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी तथा राज्य सरकार के कई मंत्री भी उपस्थित थे।

**मंत्रिमंडल बैठक**

आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने कई अहम् फैसले लिए हैं. प्रदेश सरकार ने सात नई नीतियों को मंजूरी दी है. सरकार का मानना है की नई नीतियों से प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार होगा. नई नीतियों में एमएसएमई सेक्टर, स्टार्ट अप, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नागरिक विमानन के लिए नीति और एकीकृत टाउनशिप के लिए बनाए गए नियम प्रमुख हैं. राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नई एमएसएमई नीति से प्रदेश में 86 लाख रोजगार सृजित होंगे. सरकार ने मशीनरी में 10 करोड रुपए के निवेश पर महिलाओं को सब्सिडी देने का निर्णय भी लिया है.

**परीक्षा पे चर्चा**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें एपिसोड में आज संघ लोक सेवा आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, संयुक्त पात्रता परीक्षा, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा के मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों ने कहा कि विद्यार्थी अपने मस्तिष्क में सभी प्रकार की जानकारियों को नहीं संग्रहित कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें ऐसे विषयों पर ध्यान देना चाहिए, जो परीक्षा में अक्सर पूछे जाते है। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र हल करने का भी सुझाव दिया।

## मुख्यमंत्री प्रयाग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। महाकुंभ यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती जिला कलेक्टर को सजग व सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## महाकुम्भ कैदी स्नान

उत्तर प्रदेश की उन्नाव जिला जेल में कैदियों को प्रयागराज के महाकुंभ से जल लाकर जेल परिसर में पवित्र स्नान कराया गया। कैदियों को पवित्र स्नान कराने के लिए जेल में बने जल कुंड में त्रिवेणी संगम का पवित्र जल मिलाया गया। कई कैदियों ने इसे अपने जीवन का यादगार पल बताया और जेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## काटजू वॉकथॉन

भोपाल के कैलाश नाथ काटजू हॉस्पिटल में स्टेट ऑफ़ आर्ट्स सेंटर स्थापित होने जा रहा है। इसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वरिष्ठ संयुक्त निदेशक डॉक्टर रचना दुबे ने आकाशवाणी को बताया कि इस सम्बन्ध में 8 मार्च को वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा ।

## बागेश्वर कैंसर अस्पताल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फ़रवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि कैंसर अस्पताल का शिलान्यास बुंदेलखंड के लिये बहुत बड़ी सौगात है। वहीँ, महाशिवरात्रि पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

## समाचार संक्षेप में...

- रतलाम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रतलाम शहर में शीतला माता कुष्ठ आश्रम में गुरूवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- अशोकनगर में जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 137 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियो को निराकरण करने के निर्देश दिये हैं ।

- खरगोन जिले के भीकनगांव में कॉटन जिनिंग फैक्ट्री अनंत एग्रो पर आज सुबह से आयकर विभाग की छापामार कार्यवाही जारी है। फैक्ट्री परिसर, गोदाम और दो घरो पर अलग-अलग स्थानो पर कार्यवाही चल रही है।
- अनुपपुर जिले गिद्धो की गणना के दो दिनों में 845 गिद्ध एवं 203 गिद्धों के घोंसला मिले हैं.
- शिवपुरी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिये किसान 31 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रूपये घोषित किया गया है ।
- गुना में विधायक पन्नालाल शाक्य ने केंट स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर 9 माह से 5 साल के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई।

--------------------------